**समय : 3:00 घंटे** **पूर्णांक : 100**

**सूचना : 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
**2. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक हैं।**

**प्रश्न 1.** कविता का अर्थ, परिभाषा देते हुए स्वातंत्र्योत्तर हिंदी का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। **20**

**अथवा**

निबंध किसे कहते हैं, उसके भेदों की चर्चा कीजिए।

**प्रश्न 2.** निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए। **10**

(क) "इस दौरे-तरक्क़ी में बचानी है आना भी,
रफ़्तार संभालूँ कि मैं दस्तार संभालूँ।
तब्दील हुई जाती है, तहज़ीब खंडर में,
बुनियाद संभालूँ कि मैं दीवार संभालूँ।"

**अथवा**

"मिलेंगे वे हथियारों से लैस
हर मोड़ पर
हर जगह
भेष बदल-बदल कर।"

(ख) "रसायनों में कुछ दीर्घकालिक खतरे भी होते हैं, क्योंकि कुछ रसायनों के संपर्क में अधिक समय तक रहने पर, चाहे उन रसायनों का स्तर लेशमात्र ही क्यों न हो, शरीर में बीमारियाँ पैदा हो सकती हैं।" **10**

**अथवा**

"इसी से महात्मा गांधी ने कहा था कि चिंतन की शैली बदलो, 'औसत आदमी' नहीं, 'पाँत का आखिरी आदमी' तुम्हारी चिंता शैली की कसौटी होना चाहिए।"

**प्रश्न 3.** धर्मवीर भारती की कविता 'प्रमथ्यु गाथा' का भाव-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। **20**

**अथवा**

'थोड़े-से बच्चे और बाक़ी बच्चे' कविता सामाजिक विसंगतियों का उजागर है, स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 4.** 'हिम्मत और ज़िंदगी' निबंध जीवन में ऊर्जा पैदा करते हुए, जीवन जीना सिखाता है, विवेचना कीजिए।

**अथवा**

'मनुष्य और ठग' निबंध में व्यक्त व्यंग्य भाव दर्शाते हुए, उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। **20**

**प्रश्न 5.** किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियां लिखिए। (2X10) = **20**

(क) 'उनको प्रणाम' कविता की संवेदना
(ख) 'इस तरह तो' कविता का भाव-सौंदर्य
(ग) 'पाप के चार हथियार' निबंध का आशय
(घ) 'मुल्क में अखबार न हो' निबंध का सार

---



munotes.in